>

Title: Need to make mandatory the test of alcohol consumption check for pilots before and after each flight.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): मैं आपका ध्यान एक आर.टी.आई. के तहत मिली सूचना की तरफ आकर्षित कराना चाहता हूं जिसके अनुसार विमान टेक ऑफ के पहले 42 पायलट नशे की हालत में पाये गये हैं। यह बहुत ही गंभीर बात है, अल्कोहल पीकर विमान उड़ाने आये सबसे अधिक पायलट देश की राजधानी दिल्ली के आई.जी.आई. विमान तल पर पाये गये जिनमें से आठ पायलट तो ऐसे भी हैं जिन्होंने यात्रियों की सुरक्षा दांव पर लगाते हुए इस जुर्म को दूसरी बार भी दोहराया है। ऐसे ही ग्यारह पायलट मुम्बई से तथा तीन पायलट चैन्नई से भी पकड़े गये और एक पायलट अहमदाबाद विमान तल से भी नशे की हालत में पाया गया।

महोदय, इनको पकड़ने के बाद इन पर कुछ कार्रवाई भी जरूर हुई होगी, लेकिन आगे से यह गंभीर लापरवाही पायलटों द्वारा नहीं दोहराई जाये इसके लिए सरकार को कोई सख्त कदम उठाना चाहिए क्योंकि एक पायलट के साथ सैकड़ों यात्रियों की सुरक्षा का सवाल है।

मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि सभी पायलटों की विमान उड़ाने एवं विमान उतरने के बाद मेडिकल जांच आवश्यक की जाये तथा नागर विमानन विभाग द्वारा अपनी सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए अपनी ओर से और भी आवश्यक कदम उठाना चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनायें न घटें।